# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-१, सेक्टर-३०, गांधीनगर (गुजरात)

**PM. SHRI KENDRIYA VIDYALAYA NO.1, SECTOR-30, GANDHINAGAR (GUJARAT)**

वेबसाइट : kv1gandhinagar.org ईमेल:kv1gandhinagar@gmail.com दूरभाष : 079-23261211

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# न्यूनतम साझा कार्यक्रम - द्वितीय तिमाही वृत्त पत्र २०२३

# CMP NEWS LETTER SEPTEMBER 2023





यह मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय हैं कि पी एम श्री के.वि. क्रमांक-१, सेक्टर-३०, गांधीनगर के प्राथमिक विभाग द्वारा न्यूनतम साझा कार्यक्रम वृत्त पत्र अंक-२ सत्र २०२३-२४ अभिव्यक्ति का विमोचन होने जा रहा है। प्राथमिक शिक्षा छात्रों के भाषा और संचार में उनके बुनियादी कौशल को विकसित करके राष्ट्र निर्माण की नींव रखती है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन छात्रों की रचनात्मक एवं अंतर्निहित प्रतिभा को आकार देने में अग्रणी भूमिका निभाता आ रहा है, जहाँ छात्र भी अपनी भावनाओं व विचारों को स्पष्ट रूप से प्रकट कर सकते हैं। मैं इस संदेश पत्र की शानदार सफलता की कामना करती हूँ।

श्रीमती श्रुति भार्गव
उपायुक्त, अहमदाबाद संभाग



आधुनिक दुनिया में किसी के विचार और विचारों का संचार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है| न्यूनतम साझा कार्यक्रम वृत्त पत्र बच्चों के रचनात्मक व नवीन विचारों और कल्पनाशील धारणाओं को व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करता है| यह वृत्त पत्र बच्चों को अपने विचारों को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का मार्ग खोलता है ताकि अव्यक्त प्रतिभा और कल्पना विकसित हो सके| मुझे विश्वास है कि इस वृत्त पत्र के माध्यम से बच्चों का आत्मविश्वास समृद्ध होगा और छात्रों का यह प्रयास शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर कदम साबित होगा|

श्री आलोक कुमार तिवारी
प्राचार्य



केन्द्रीय विद्यालय संगठन सिर्फ शैक्षिक ही नहीं बल्कि बच्चे के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केन्द्रित करता है| विभिन्न सह पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों के माध्यम से छात्र अपने अंतनिर्हित कौशल को विकसित करते हैं| प्राथमिक विभाग में सम्पन्न हुई विविध गतिविधियों को प्रतिबिंबित करता हुआ यह वृत्त पत्र बच्चों का उत्साह बढ़ाता है व उनके सह शैक्षिक क्षेत्रों को विकसित करता है|

श्री लालजीभाई जेठाभाई वाघेला

प्रधानाध्यापक

## निपुण भारत कार्यक्रम के अंतर्गत

## <u>कक्षा गतिविधियाँ</u>




नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० के अनुसार, “शिक्षा प्रणाली की सर्वोच्च प्राथमिकता २०२५ तक प्राथमिक विद्यालय में सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्राप्त करना होगा| शेष यह नीति हमारे छात्रों के लिए तभी प्रासंगिक बनेगी जब सबसे बुनियादी आवश्यकता (मूलभूत स्तर पर पढ़ना, लिखना और अंकगणित) को प्राप्त कर लिया जाए| इस उद्देश्य के लिए, मूलभूत साक्षरता और

संख्यात्मकता एक राष्ट्रीय मिशन होगा जिसे शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्राथमिकता के आधार पर स्थापित किया जाएगा। तदनुसार, पी एम श्री के वि क्रमांक-१, गांधीनगर द्वारा सार्वभौमिक मूलभूत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए तुरंत एक कार्यान्वयन योजना तैयार की गई है, जो सभी प्राथमिक अनुभागों में साक्षरता और संख्यात्मकता तथा चरण वार लक्ष्यों की पहचान करता है|”




विद्यालय में सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियाँ युवा दिमागों की प्रतिभा को निखारने में मदद करती हैं| उन्हें अपने विशिष्ट कौशल को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं| विद्यालय में होने वाली प्रतियोगिताएं सृजनात्मकता पैदा करती हैं और छात्रों के बीच प्रतिस्पर्धी माहौल बनाती हैं और छात्रों के कौशल में सुधार के साथ उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं|

सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियाँ के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

- चित्रकला प्रतियोगिता
- कोलाज बनाने की प्रतियोगिता
- पोस्टर बनाना (प्लास्टिक को ना कहें)
- विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता (स्वतंत्रता सेनानी)
- राष्ट्रीय खेल दिवस पर कला प्रतियोगिता
- खिलौना बनाना और कक्षा की सजावट
- शुभकामना कार्ड बनाने की प्रतियोगिता (शिक्षक दिवस)
- चित्रकला प्रतियोगिता / कविता प्रतियोगिता / अनुच्छेद लेखन
- हिन्दी कविता / कहानी कथन / हस्तलेखन प्रतियोगिता

# ओणम उत्सव



ओणम समानता, एकता और समृद्ध जीवन की विरासत की याद दिलाता है। ओणम हमें अपने मतभेदों को दूर करके एकजुट होना सिखाता है और उस समय के बारे में भी बताता है जब कोई असमानता नहीं थी| ओणम केरल राज्य के स्वर्ण युग की याद दिलाता है जिसने लोगों के कल्याण को प्राथमिकता दी।

पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-१, सेक्टर-३०, गांधीनगर के प्राथमिक विभाग द्वारा एकता और समानता को चिह्नित करने के लिए ३० अगस्त २०२३ को ओणम उत्सव मनाया गया| विद्यार्थियों ने परिसर में विशाल पुष्प रंगोली तैयार की। उत्सव के भाग रूप अनेक रंगारंग कार्यक्रम तथा पारंपरिक प्रतियोगिताएं जैसे फूलों के कालीन बनाना, भाषण, नृत्य, समूह गान आदि का आयोजन किया गया। सभी कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और आनंद के साथ भाग लिया|

# <u>रक्षाबंधन समारोह</u>



रक्षा बंधन भाई-बहन के प्यार का प्रतीकात्मक त्योहार है |

पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-१, सेक्टर-३०, गांधीनगर में इसे एक विशेष दिन के रूप में मनाया गया। प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने स्वयं विशेष राखियाँ बनाई और आकर्षक सजावट की| जो भाई-बहनों के प्यार को व्यक्तिगत स्पर्श देती है। राखी के त्योहार का अर्थ है- प्यार और सुरक्षा की अंतर्निहित भावना| छात्रों ने राखी की महत्ता को समझते हुए अपने कक्षा शिक्षकों व सहपाठियों के साथ-साथ श्रीमान सुनील देवरानी, प्रभारी प्राचार्य एवं श्री. एल जे वाघेला, प्रधानाध्यापक को राखी बाँधकर रक्षाबंधन का त्योहार उत्साह के साथ मनाया|

# **जन्माष्टमी समारोह**



कृष्ण जन्माष्टमी, विष्णु के आठवें अवतार कृष्ण के जन्मोत्सव को पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-१, सेक्टर-३०, गांधीनगर में बहुत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया।

यह दिन बाल कृष्ण  के प्रति उनके सभी भक्तों के भावुक प्रेम का प्रतीक है। प्राथमिक अनुभाग के छात्रों ने बाल कृष्ण की मूर्ति को पालने में झुलाने तथा मटकी फोड़ का अत्यधिक आनंद का अनुभव किया | सभी छात्रों ने स्वादिष्ट प्रसाद का आनंद लिया और भगवान को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए गीतों का आनंद लिया ।

पहली एवं  दूसरी कक्षा  के छात्र-छात्राओं ने राधा व कृष्ण की वेशभूषा धारण कर सम्पूर्ण  वातावरण को गोकुल की यादों से  जीवित कर दिया|  स्कूल के गलियारे '**छोटी-छोटी गइयाँ**' और '**मेरे लड्डू गोपाल**' जैसे भजनों की आवाज़ से गूँज रहे थे| इस विशेष दिन को अधिक विशेष बनाते हुए शिक्षकों ने कान्हा के जीवन से जुड़े प्रसंग सुनाए और बच्चों को कृष्ण संस्कारों की जानकारी दी| कृष्ण के आदर्शों को जीवन के मार्गदर्शक प्रकाश के रूप में स्वीकारते हुए  इस जगमगाते त्योहार को एक सुन्दर तरीके से मनाया गया |